सोशल मीडिया पर एक स्टोरी पोस्ट की। जिसमें उन्होंने लिखा कि, मैं जितना गिन सकता हूं भगवान ने मुझे उससे ज्यादा बचाया है। तो मैं सिर्फ वो ही समय याद कर सकता हूं जब मुझे बचाया गया।
- युजवेन्द्र चहल

भारतीय गेंदबाज, अपनी शादीशुदा जिदंगी की अफवाहों को लेकर बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

अक्षर पटेल

भारतीय गेंदबाजों का प्रदर्शन काबिले तारीफ रहा है। लेकिन इस मैच में स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल हैट्रिक लेने से चूक गए। इस मैच में पहली पारी में अक्षर पटेल ने 9वें ओवर में दो गेंदों पर दो विकेट ले लिए थे और तीसरी गेंद पर उनकी गेंद पर जाकेर अली ने जो शॉट खेला वो स्लिप में चली गई वहां खड़े भारतीय कप्तान रोहित शर्मा से उनका कैच छूट गया। इसके साथ ही अक्षर पटेल चैंपियंस ट्रॉपी में अपना हैट्रिक पूरा करने से रह गए। लेकिन गेंद फिर उनके हाथों से फिसल गई और इस कैच के छूटने के बाद कप्तान रोहित शर्मा बुरी तरह से झुंझला गए।

क्या आप जानते हैं ?... क्रिकेट खिलाड़ियों की आत्म कथाओं की पुस्तक का सबसे छोटा नाम पाकिस्तानी क्रिकेटर जहीर अब्बास की पुस्तक का है। इसका शीर्षक जेड है।

अमन की घातक गेंदबाजी से बिमल एकेडमी की आसान जीत

जयपुर, 20 फरवरी। यूनियन क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 27वीं नवीन-नफीस स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच में बिमल क्रिकेट एकेडमी ने अमन पारीक 11 रन पर 6 विकेट की घातक गेंदबाजी की बदोलत बारवाल क्रिकेट एकेडमी को 10 विकेट से हरा कर 2 अंक अर्जित किये। टॉस जीतकर बारवाल क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी कर निर्णय लिया लेकिन मोहित 21 रन, आबिद 12 रन तथा नमन जैन 10 रन को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज बिमल क्रिकेट एकेडमी के गेंदबाजो अमन पारीक 11 रन पर 6 विकेट, मोहम्मद जैद 15 रन पर 2 विकेट तथा वरूण 18 रन पर 2 विकेट की शानदार गेंदबाजी के समक्ष नहीं टिक सका और बारवाल क्रिकेट एकेडमी की पूरी टीम 13.1 ओवर में ही मात्र 57 रन बनाकर सीमट गई। जवाबी पारी में कप्तान केशव तिवाड़ी 34 रन नाबाद तथा प्रथम मिश्रा 9 रन नाबाद तथा 15 अतिरिक्त रनों की मदद से विजय लक्ष्य 58 रन 6.2 ओवर में ही आसिल कर 10 विकेट से अपनी टीम को आसान जीत दिला दी। इससे पूर्व आज प्रतियोगिता का उद्घाटन सुनील शर्मा चेयरमैन सुरेशज्ञान विहार यूनिवर्सिटी जगतपुरा ने खिलाड़ीयों से परिचय प्राप्त कर किया। मैन ऑफ दा मैच अमद पारीक (11 रन पर 6 विकेट) बिमल क्रिकेट एकेडमी रहे। प्रतियोगिता का अगला मैंच सोमवार 24 फरवरी 2025 को खेला जायेगा।

हिमाक्षी पुरोहित ने अंडर-17 कैडेट फेंसिंग में जीता स्वर्ण पदक

जयपुर, 20 फरवरी। राजस्थान के डूंगरपुर जिले की उभरती हुई फेंसर हिमाक्षी पुरोहित ने द्वितीय अस्मिता खेलो इंडिया फेंसिंग लीग में शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-17 कैडेट फॉयल स्पर्धा में

स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट 15 से 19 फरवरी 2025 तक हल्द्वानी, उत्तराखंड में आयोजित हुआ, जिसमें देशभर के बेहतरीन युवा फेंसिंग खिलाड़ियों ने भाग लिया। हिमाक्षी ने अपनी असाधारण कौशल, तेज़ी और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करते हुए अपने प्रतिद्वंद्वियों को हराकर इस कठिन प्रतियोगिता में विजय प्राप्त की। यह जीत उनके खेल के प्रति समर्पण और कठोर प्रशिक्षण का प्रमाण है, जिसे उन्होंने अपने कोचों के मार्गदर्शन में हासिल किया है। राजस्थान फेंसिंग एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने हिमाक्षी पुरोहित को उनकी शानदार उपलब्धि पर बधाई दी। हिमाक्षी का अगला लक्ष्य आगामी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में अपनी जीत की लय को बनाए रखना और फेंसिंग की दुनिया में और भी अधिक प्रतिष्ठा प्राप्त करना होगा।

राजस्थान के अनिल कुमार ने जीता स्वर्ण पदक

जयपुर, 20 फरवरी। पुणे में आयोजित ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज टूर्नामेंट में राजस्थान के अनिल कुमार ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। कुमार ने

125 किलोठाम वर्ग के सेमी फाइनल में हरियाणा और फाइनल में महाराष्ट्र के पहलवान को हरा कर प्रतियोगिता में पदक हासिल किया। अनिल कुमार वर्तमान में राजस्थान के अल्पसंख्यक मामलात विभाग के निदेशालय में कनिष्ठ सहायक के पद पर कार्यरत है। वे पूर्व में 6 बार राजस्थान केसरी व 2 बार राष्ट्रीय पदक विजेता रहे हैं।

ओवेस ने जीता 5वां रोशन लाल नैयर मेमोरियल राजस्थान ओपन टूर्नामेंट का खिताब

जयपुर, 20 फरवरी। राजापार्क स्थित सिंह बिलियड्र्स में ओवेस ने जीता 5वां रोशन लाल नैयर मेमोरियल राजस्थान ओपन टूर्नामेंट का खिताब। सिमरनजीत सिंह और ओवेस का खेलने का प्रदर्शन असमंजस भर रहा। कभी ओवेस आगे तो कभी सिमरनजीत सिंह आगे। लेकिन इसी कशमकश में ओवेस ने सिमरनजीत सिंह को 90-2, 21-69, 46-48, 60-57, 64-55 से हरा कर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि रवि नय्यर आवर संघ प्रचारक अरुण कुमार शर्मा थे। दोनो ने विजेता ओर उपविजेता को ट्रॉफी प्रदान की। सिंह बिलियड्र्स के अमनपाल सिंह ने सभी को धन्यवाद दिया।

गिल का नाबाद शतक, भारत ने बंग्लादेश को छह विकेट से हराया

दुबई 20 फरवरी । मोहम्मद शमी (पांच विकेट) और हर्षित राणा (तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद शुभमन गिल (नाबाद 101) के शतक, केएल राहुल (नाबाद 41) और रोहित शर्मा (41) रनों की बेहतरीन पारियों की बदौलत भारत ने गुरुवार को चैंपियंस ट्रॉफी के दूसरे मुकाबले में 21 गेंदें शेष रहते बंगलादेश को छह विकेट से हरा दिया।

बंगलादेश के 228 रन के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी भारत की कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 69 रन जोड़े। 10वें ओवर में तसकीन अहमद ने रोहित शर्मा को आउट कर बंगलादेश को पहली सफलता दिलाई। रोहित शर्मा ने 36 गेंदों में सात चौकों की मदद से (41) रनों की पारी खेली। विराट कोहली (22), श्रेयस अय्यर (15) और अक्षर पटेल (आठ) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये के एल राहुल ने शुभमन गिल से पारी को संभाला। शुभमन गिल ने 129 गेंदो में नौ चौके और दो छक्कों की मदद से (नाबाद 101) रनों की पारी खेली। के एल राहुल ने 47 गेंदों में एक चौके और दो छक्का लगाते हुए (नाबाद 41) रन बनाये। के एल राहुल ने तनजीम हसन साकिब की गेंद पर छक्का लगाकर भारत को जीत दिलाई। भारत ने 46.3 ओवर में चार विकेट पर 231 रन बनाकर छह विकेट से मुकाबला जीता।

बंगलादेश की ओर से रिशाद हुसैन ने दो विकेट लिये। तसकीन अहमद और मुस्तफिज़ुर रहमान ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले आज यहां बंगलादेश के कप्तान नाजमुल हसन शान्तो ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 35 के स्कोर तक अपने पांच विकेट गवां दिये। सौम्य सरकार (शून्य) और कप्तान नजमुल शान्तो (शून्य), मेहदी हसन मिराज(पांच), तंजिद हसन (25) और मुशफिकुर रहीम (शून्य) पर आउट हुये। ये पांचों बल्लेबाज मोहम्मद शमी, अक्षर पटेल और हर्षित राणा की धारदार गेंदबाजी के आगे ढ़ेर हो गये।

इवेंट के बादशाह हैं मोहम्मद शमी

चैंपियंस ट्रॉफी के पहले ही मैच में की रिकॉर्ड तोड़ गेंदबाजी

दुबई 20 फरवरी । आईसीसी वनडे टूर्नामेंट के साथ भारतीय गेंदबाज मोहम्मद शमी बेहतरीन तालमेल है। यही कारण है की मोहम्मद शमी भारत के सबसे सफल गेंदबाज आईसीसी वनडे टूर्नामेंट में बन गए हैं। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के पहले ही मैच में मोहम्मद शमी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पंजा खोला और भारतीय टीम के लिए मैच जीतने के दरवाजे खोल दिए। शमी ने जसप्रीत बुमराह की कमी खलने नहीं दी है जो चोटिल होने के कारण टूर्नामेंट से बाहर हैं।मोहम्मद शमी ने इस मुकाबले के दौरान तीसरा विकेट लेते ही 200 विकेट वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में पूरे किए। सबसे कम गेंदों में वे इस उपलब्धि पर पहुंचने वाले पहले गेंदबाज बने।शमी ने 10 ओवर गेंदबाजी की, कुल 53 रन देकर उन्होंने 5 विकेट अपने नाम किए। ये आईसीसी इवेंट में उनका पांचवां फाइव विकेट हॉल था। अभी तक कोई भी गेंदबाज 3 से ज्यादा बार आईसीसी वनडे टूर्नामेंट में 5 विकेट हॉल प्राप्त नहीं कर पाया है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि आईसीसी वनडे टूर्नामेंट में कितने खतरनाक हैं।

चोटिल फखर जमान चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर

कराची 20 फरवरी। पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज फखर जमान चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गये है।

फखर को कल टूर्नामेंट की शुरुआती मुकाबले शाहीन शाह अफरीदी की गेंद पर विल यंग की गेंद पर कवर ड्राइव का पीछा करते हुए चोट लग गई थी और मैदान में उपचार के बाद उन्हें बाहर जाना पड़ा था। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने फखर की जगह इमाम-उल-हक को टीम में शामिल करने की मंजूरी दे दी है।

सुराणा क्रिकेट एकेडमी ने नीरजा मोदी एकेडमी को हराया

जयपुर, 20 फरवरी। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित के एल सैनी ए डिविजन लीग में आज खेले गए मैच में सुराणा क्रिकेट एकेडमी ने नीरजा मोदी एकेडमी को 113 रनों से हराया। के एल सैनी स्टेडियम पर खेले गए मैच में नीरजा मोदी एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले सुराणा क्रिकेट एकेडमी को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया।

सुराणा क्रिकेट एकेडमी ने साकेत शर्मा के 33 रन, अनिल सैनी के 23 रन, राजवीर सिंह 56 रन, प्रशांत यादव 38 रन, विकास झरवाल के 70 रन, अभिषेक यादव के 17 रन, लोकेश खांडल के 15 रनों से 48.3 ओवर में 318 रनों का स्कोर बनाया। नीरजा मोदी एकेडमी के लिए निखिल कोहली ने 59 पर 4, हर्षित शर्मा ने 39 पर 3, पर्व झालानी, प्रद्युम्न शर्मा व सार्थक शर्मा ने 1 - 1 विकेट लिए। जवाबी पारी में नीरजा मोदी एकेडमी की टीम तरुण शर्मा के 61, सचिन देव के 23 रन, चिराग

शर्मा के 49 रन, सिद्धांत शर्मा के 35 रन, प्रद्युम्न के 14 रन व पर्व झालानी के 10 रनों से 41.4 ओवर में 205 रन बनाकर आउट हो गई।

सुराणा क्रिकेट एकेडमी के लिए राजवीर सिंह ने 19 पर 5, अभिषेक यादव ने 51 पर 2, विकास झरवाल व शक्ति चौहान ने 1-1 विकेट लिया।

भारत का 49 सदस्यीय दल स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड विंटर गेम्स में शिरकत करेगा

नई दिल्ली 20 फरवरी । इटली के ट्यूरिन में आठ मार्च से शुरु होने वाले स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड विंटर गेम्स 2025 में भारत का 49 सदस्यीय दल शिरकत करेगा।

इटली के ट्यूरिन में आठ से 15 मार्च होने वाली इस प्रतियोगिता में भारत के 30 एथलीट और 19 लोगों का सपोर्ट स्टाफ शामिल हैं। भारतीय खिलाड़ी छइ खेल स्पर्धाओं - अल्पाइन स्कीइंग, क्रॉस कंट्री स्कीइंग, फ्लोरबॉल, शॉर्ट-ट्रैक स्पीड स्केटिंग, स्नोबोर्डिंग और स्नोशूइंग में प्रतिस्पर्धा करेंगे। स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड विंटर गेम्स के 12वें संस्करण में आठ खेल स्पर्धाएं शामिल हैं और इनमें 102 देशों के 1,500 से अधिक एथलीट 621 अपने कोचों की देखरेख में अपना जौहर दिखाएंगे ।

स्पेशल ओलंपिक भारत की अध्यक्ष डॉ. मल्लिका नड्डा ने एथलीटों को शुभकामनाएं देते हुए कहा, मैं स्पेशल ओलंपिक विंटर गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व करने जा रहे एथलीटों को अपनी शुभकामनाएं देना चाहती हूं।

उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण हम सभी को प्रेरित करता है, और हम ट्यूरिन में उनके दमदार प्रदर्शन को देखने के लिए उत्सुक हैं। हम अपने एथलीटों को एक्शन में देखने के लिए बेहद उत्साहित हैं और हमें यकीन है कि वे एक बार फिर वैश्विक मंच पर देश को गौरवान्वित करेंगे।

आरपीसी को हरा एचबीएस ओपीएम 54 ने जीता हारवर्ड बिजनेस स्कूल प्रदर्शन मैच

जयपुर, 20 फरवरी। रामबाग पोलो ठाउंड पर आज शाम 4 बजे एचबीएस ओपीएम 54 ओर आरपीसी के बीच प्रदर्शन मैच खेला गया जिसमें एचबीएस ओपीएम 54 ने आरपीसी को 6-5 के स्कोर से हराया। एचबीएस ओपीएम 54 टीम की ओर से विक्रमादित्य सिंह ओर महाराजा पदमनाभ सिंह ने 3-3 गोल किये। वहीं आरपीसी की ओर से भवानी सिंह कालवी ने 2 ओर शमशीर अली ने 3 गोल किये। कल आरपीसी ठाउंड पर दो सेमीफाइनल मैच खेले जाएंगे। शाम 3 बजे पहला सेमीफाइनल मैच विमल एरिओन अचीवर्स बनाम जयपुर सुजान के बीच, शाम 4 बजे दूसरा

सेमीफाइनल मैच डेल्टा/चांदना पोलो बनाम अरावली पोलो के बीच खेला जाएगा।

खोया पाया

मेरे भूखण्ड सं. 29 जे.डी.ए. की योजना डेयरी फार्म राम्ल्यावाला जयपुर का जे.डी.ए. से जारी मूल आवंटन-पत्र कहीं खो गया है मिलने पर सूचित करें सावतं राम जाट मो.नं. 8290906436

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य बी.सी. सांखला पुत्र स्व. श्री सी.आर. सांखला द्वारा ग्राम बिलींची, पटवार हल्का बिलींची, भू.अभि.नि. क्षेत्र बिलींची, तहसील आमेर, जिला जयपुर में वर्णित खाता संख्या 508 नया व 173 पुराना में वर्णित कृषि भूमि खसरा नम्बर 1498 रकबा 0.2200 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 1499 रकबा 0.1900 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 1993/1506 रकबा 0.1100 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 2000/1502 रकबा 0.0200 हैक्टेयर, खसरा नम्र 2002/1503 रकबा 0.1300 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 2007/1507 रकबा 0.1900 हैक्टेयर व खसरा नम्बर 2010/1508 रकबा 0.1900 हैक्टेयर, कुल सात किता खसरा नम्बरान कुल रकबा 1.0500 हैक्टेयर में 1/4 अविभाजित हिस्से का हक काश्त व खातेदारी स्थित है। उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के अविभाजित 1/4 हिस्से का हक काश्त व खातेदारी स्थित है। उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के अविभाजित 1/4 हिस्से का हक काश्त व खातेदारी राजस्व रिकॉर्ड व जमाबन्दी में प्रहलाद पुत्र रघुनाथ जाति रैगर, ग्राम बिलींची तहसील आमेर के नाम से दर्ज है। को प्रहलाद पुत्र रघुनाथ से क्रय किया जा रहा है। उक्त कृषि भूमि के बाबत यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, बैंक, कॉआपरेटिव बैंक, वित्तीय संस्था, सगे सम्बन्धी या अन्य कोई दावेदार, जनसाधारण, उत्तराधिकारी हल्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति एतराज हो तो इस सूचना के प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में मुझसे व्यक्तिगत रूप से मेरे निम्नलिखित ऑफिस पते पर अपनी आपत्ति/ऐतराजात मय अस्ल दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा उक्त अवधि के पश्चात इस आम सूचना बाबत कोई भी आपत्ति/ऐतराजात किसी भी न्यायालय में शून्य व निरस्त समझी जायेगी।
शशि शेखर गौड (अधिवक्ता) मो. 9414071048

आम सूचना जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
क्रमांक : जविप्रा/उपा./जोन-9/2025/डी-696 दिनांक: 20.02.2025
श्यामपुरी गृह निर्माण सहकारी समिति की योजना दुग्ध विहार के भूखण्ड संख्या 4 क्षेत्रफल 238.33 वर्ग गज की फ्री होल्ड लीजडीड श्री रामसहाय वर्मा पुत्र श्री रामचन्द्र के नाम दिनांक 29.10. 2024 को जारी की गयी है। तत्पश्चात श्री रामसहाय वर्मा की दिनांक 12.01.2025 को मृत्यु हो चुकी है। तत्पश्चात श्री रामसहाय वर्मा द्वारा हरियाणा रजिस्ट्रार कार्यालय द्वारा रजिस्ट्रर्ड वसीयत दिनांक 04.12.2024 के द्वारा वन्दना सहगल, ज्योत्सना वर्मा एवं उपासना मधोक के नाम से की गयी है। आवेदगण ज्योत्सना वर्मा, उपासना वर्मा जरिये मु.आम श्री वंदना सहगल द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र एवं रजिस्ट्रर्ड वसीयतनामा प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड का नाम हस्तान्तरण एवं लीजडीड जारी किये जाने हेतु आवेदन किया गया है। अतः प्रार्थी को श्यामपुरी गृह निर्माण सहकारी समिति की योजना दुग्ध विहार के भूखण्ड संख्या 4 का नाम हस्तान्तरण एवं लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टा विलेख जारी किये जाने के सम्बन्ध मे कार्यवाही की जानी है। इस सम्बन्ध मे किसी भी व्यक्ति विशेष को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस के अधीन प्रस्तुत करें अन्यथा लीजडीड जारी किये जाने की कार्यवाही कर दी जावेगी।
ऑनलाईन आवेदन - 209196 उपायुक्त जोन-9

प्रपत्र संख्या 7 (देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 74/2025
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री कन्हैया लाल पुत्र श्री रामकिशन, गोविन्दपुरा, कालवाड रोड, हाथोज, जयपुर-302012 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत वी पोजिटिव संस्थान कार्यालय पता- गोविन्दम चेम्बर्स, पेट्रोल पम्प के पास, हाथोज, जिला जयपुर ने राजस्थान के सम्बन्ध मे जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 19.02.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 02.05.2025
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग जयपुर

न्यायालय तहसीलदार (भू.अ.) दूदू जिला जयपुर
क्रमांक-भू.अ./2025/415 दिनांक-19.02.2025
आम सूचना
जरिये प्रार्थना पत्र प्रार्थी मुकेश कुमार पुत्र नोरंगलाल जाति जाट निवासी पड़ासोली तहसील दूदू का खातेदार नवरंगलाल उर्फ नोरंगलाल पुत्र गणपतराम जाति जाट निवासी बरसड़ीकाबास तहसील टोडा जिला झुंझुनू हाल निवासी गाम पड़ासोली तह. दूदू द्वारा दिनांक 22.01.2022 को निष्पादित नोटरी प्रमाणित वसीयत के आधार पर ग्राम पड़ासोली के खाता सं. 218 ख.न. 2129 रकबा 0.12 हैक्ट. व ख.नं. 2191 रकबा 1.68 हैक्ट. कुल किता 02 कुल रकबा 1.80 हैक्ट. में हिस्सा 2/3 तथा ग्राम दांतरी के खाता संख्या 198 ख.नं.2711/779 रकबा 1.6312 हैक्ट. में हिस्सा 1/3 में मृतक खातदार के बजाय मुकेश कुमार पुत्र नोरंगलाल जाति जाट निवासी पड़ासोली तहसील दूदू के पक्ष में विरासत का नामान्तरण खोलने की कार्यवाही कार्यालय हाजा में प्रकरण संख्या 02/2025 अन्तर्गत धारा 135(2) राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम-1956 विचाराधीन है।
वसीयतकर्ता खातेदार नवरंगलाल पुत्र गणपतराम जाति जाट निवासी बरसड़ीकाबास तहसील टोडा जिला झुंझुनू हाल निवासी ग्राम पड़ासोली तह. दूदू की दिनांक 05.04.2024 को मृत्यु हो चुकी है। अत हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि उक्त वसीयत के आधार पर नामान्तरण खोले जाने पर किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति/दावा/हक अथवा अन्य कोई वसीयत हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में स्वयं अथवा एडवोकेट के माध्यम से अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें। कोई दावा/आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर प्रकरण का निस्तारण नियमानुसार कर दिया जायेगा। सूचित रहे।
तहसीलदार (भू.अ.) तहसील दूदू (जयपुर)

प्रपत्र संख्या 7, (देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)
मुकदमा नम्बर 42/2025
चूंकि श्री जयेन्द्र चतुर्वेदी पुत्र श्री महेन्द्र चतुर्वेदी निवासी प्लॉट नं. 47, गंगा सागर स्कीम, नियर पांच्यावाला पुलिया, जयपुर, 302034 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत वेब्स (WAVES) कार्यालय पता प्लॉट नं. 47. नॉर्थ पार्ट, गंगा सागर कॉलोनी, बीड खातीपुरा सिरसी, झोटवाड़ा, जयपुर ने राजस्थान के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अत एव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 11/2/25 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 22/4/25
सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग जयपुर

प्रपत्र संख्या 7 (देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 72/2025
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री त्रिलोक चौधरी पुत्र श्री प्रमोद कुमार चौधरी निवासी 1-सी, जगन्नाथपुरा परिवहन नगर के पास, खातीपुरा, जयपुर-302012 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत बिजासन नेशनल ट्रस्ट कार्यालय पता- प्लॉट नं. सी-99, प्रियांशु विहार, सिरसी रोड, जयपुर-302012 ने राजस्थान के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 19.02.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 01.05.2025
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग जयपुर

कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त-प्रथम, राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक:6644 जाहिर आम-सूचना दिनांक:20.02.2025
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास/ फ्लैट संख्या 173/139 (LIG) का आवंटन श्री मूलशंकर शर्मा पुत्र स्व. श्री सदाशंकर शर्मा को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 1218 दिनांक 16-06-2004 को जारी किया गया था। इनके पक्ष में पंजीयन पत्रों निष्पादन दिनांक 17-06-2009 को कर दिया गया। श्री मूलशंकर शर्मा द्वारा उक्त आवास को श्री ग्यारसा राम पुत्र स्व. श्री पन्ना लाल को विक्रय कर इनके पक्ष में विक्रय पत्र दिनांक 29.03.2014 को उप पंजीयक अष्टम् जयपुर में पंजीकृत करवाया गया। श्री ग्यारसा राम द्वारा उक्त आवास को श्रीमती राजेन्द्र कौर पत्नी स्व. श्री प्रहलाद भगत सिंह को विक्रय कर इनके पक्ष में विक्रय पत्र दिनांक 24.10.2016 को उप पंजीयक प्रथम जयपुर में पंजीकृत करवाया गया। श्रीमती राजेन्द्र कौर द्वारा आवासन मण्डल में रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर इस कार्यालय के आदेश क्रमांक 9737 दिनांक 01.03.2017 के द्वारा मण्डल रिकॉर्ड में इनका नाम दर्ज किया गया। श्रीमती राजेन्द्र कौर की मृत्यु दिनांक 21.02.2024 को हो जाने के कारण उनके पुत्र श्री अमरप्रीत सिंह पुत्र स्व. श्री प्रहलाद भगत सिंह द्वारा आवासन मण्डल मे अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त आवास का हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही है, श्री अमरप्रीत सिंह पुत्र स्व. श्री प्रहलाद भगत सिंह का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा। भवदीय,
तत्पदा प्रबन्धक, राज. आवा. मण्डल वृत-प्रथम, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर

COLLEGE OF AGRICULTURE
(S.K.N. AGRICULTURE UNIVERSITY) Kumher, Distt. - Deeg, PIN- 321201
No. : F. /OT/COA-K/2025/3358 Dated :- 17/02/2025
NOTICE INVITING BID
Bid for open tender regarding purchase of Non Recurring Item etc. are invited from interested bidders up to 10.00 AM of 28.02.2025 and the tender will be opened on 28.02.2025 at 01.00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the Rajasthan state; and www.sknau.ac.in University Website. UBN is: SKN2425GSOB00408
Raj.Samwad/C/24/12002 DEAN

हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना (साधारण प्रारुप)
व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4
न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश क्रम संख्या 3, जयपुर महानगर प्रथम
टेक सिंह व अन्य विरुद्ध जगदीश प्रसाद प्रजापत
प्रार्थना पत्र बाबत् अस्थायी निषेधाज्ञा
CRA प्रकरण संख्या 05/2024
नाम- जगदीश प्रसाद प्रजापत पुत्र छोगा लाल प्रजापत
स्थान- प्लॉट संख्या 169 बी, सुरजीत नगर, कालवाड़ रोड़, झोटवाड़ा, जयपुर (राज.)
अन्य पता- मु.पो. रिड, वाया डेगाना, तहसील परतबसर, जिला नागौर (राज.)
अन्य पता- 233, श्री गोविन्द विहार, किरण बाल मन्दिर स्कूल के पास, गोविन्दपुरा, जयपुर (राज.)
उक्त प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में उपरोक्त उनवानी प्रकरण प्रस्तुत किया है।
अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरुद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 03.03.2025 को प्रातः 10:30 बजे में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रुप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में अस